# चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में तीज एवं रक्षाबंधन उत्सव धूमधाम से मनाया गया

पुंडरी। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में चौधरी तेजवीर सिंह जी के आशीर्वाद से तीज एवं रक्षाबंधन उत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला द्वारा तीज की पारंपरिक रस्म के रूप में झूला झूलकर किया गया। इस अवसर पर तिलक लगाकर तीज पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया गया।महाविद्यालय की वरिष्ठतम प्रोफेसर डॉ. अमीता राणा ने छात्राओं को भारतीय शिक्षा, संस्कृति एवं सभ्यता के गौरवशाली मूल्यों से अवगत कराते हुए उनके प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की।

कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. वंदना ने मंच का कुशल संचालन करते हुए सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं का स्वागत किया। कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. निधि ने कार्यक्रम की रुपरेखा से सभी को अवगत कराया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष प्रयास किए। उत्सव के दौरान छात्राओं द्वारा तैयार की गई हैंडमेड राखियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री भी लगाई गई, जिसका उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता एवं स्वावलंबन को प्रोत्साहित करना था। इसके साथ ही मिठाई एवं चूड़ियों की व्यवस्था भी की गई।

कार्यक्रम में डॉ. पुष्पा के निर्देशन में गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। डॉ. रीना गौरा एवं डॉ. सोनिया दहिया के मार्गदर्शन में छात्राओं ने सुंदर कविताओं का वाचन किया। छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया।डॉ. अन्नू एवं मिसेज पिंकी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिठाई, चूड़ियाँ, मेहंदी एवं अन्य व्यवस्थाओं में विशेष योगदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रेमलता ने सभी का आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं एवं संस्कारों को जीवंत रखने के साथ-साथ आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की भावना को भी मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ स्टाफ सदस्यों सहित सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सामूहिक सहभागिता और उत्साह के साथ मनाया गया यह तीज एवं रक्षाबंधन उत्सव महाविद्यालय परिवार के लिए आनंद, उमंग और सौहार्द से भरा यादगार अवसर बन गया।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629




HAPPY RAKSHA BANDHAN



# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629










# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629





# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629



# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629


---


पंजाब केसरी
SUN,23 AUGUST 2026
EDITION: KAITHAL KESARI, PAGE NO. 4


# तीज व रक्षाबंधन उत्सव में झूले, मेहंदी व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



*तीज उत्सव के रंग में झूला झूलते स्टाफ सदस्य। (अतुल)*

पूंडरी, 22 अगस्त (अतुल): चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में चौ. तेजवीर सिंह के आशीर्वाद से तीज एवं रक्षाबंधन उत्सव पारंपरिक उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारतीय संस्कृति व परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने पारंपरिक रूप से झूला झूलकर किया। तिलक लगाकर तीज पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया गया।

महाविद्यालय की वरिष्ठतम प्रोफैसर डॉ. अमीता राणा ने छात्राओं को भारतीय शिक्षा, संस्कृति एवं सभ्यता के गौरवशाली मूल्यों से परिचित करवाते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उत्सव के दौरान छात्राओं द्वारा तैयार की गई हस्तनिर्मित राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. वंदना व डॉ. निधि ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. पुष्पा के निर्देशन में छात्राओं ने गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं डॉ. रीना गौरा एवं डॉ. सोनिया दहिया के मार्गदर्शन में छात्राओं ने सुंदर कविताओं का वाचन किया। उत्सव के दौरान छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने मेहंदी लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

पारंपरिक झूले, रंग-बिरंगी चूड़ियां, मेहंदी, राखियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे महाविद्यालय परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया।